फ़ार्मेज़ ऐप कृषि मशीनरी को किराए पर लेने, खरीद-बिक्री को बनाए आसान

भारत सरकार के कृषि, सहयोग और किसान कल्याण विभाग के मशीनीकरण और प्रौद्योगिकी अनुभाग ने एक मोबाइल ऐप बनाई है जो कृषि मशीनरी को किराए पर लेने और बिक्री/खरीद की सुविधा प्रदान करती है।

फ़ार्म मशीनरी सॉल्यूशंस या फ़ार्मेज़ ऐप को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। यह एंड्रॉयड 4.0 और इसके बाद के संस्करण वाले उपकरणों पर समर्थित है।

फ़ार्मेज़ ऐप एक बहुभाषी मोबाइल मंच है जिसमें अब तक उपयोगकर्ताओं को 12 भाषाओं में जानकारी प्रदान की जाती है। वे अपनी सुविधा के अनुसार ऐप का उपयोग करने के विकल्पों में से अपनी भाषा चुन सकते हैं।

ऐप भारत भर के विभिन्न राज्यों के किसानों को कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं के तहत स्थापित कृषि मशीनरी बैंकों (एफ एम बी)/कस्टम हायरिंग सेंटर (सी एच सी) और हाई-टेक हब की कस्टम हायरिंग सेवाओं की सुविधा प्रदान करती है।

ऐप सी एच सी/एफ एम बी/हाई-टेक मशीनरी हब में उपलब्ध कृषि मशीनरी का इष्टतम उपयोग करने के अलावा, अपनी कृषि आय बढ़ाने के लिए अपनी कृषि मशीनरी और उपकरण को किराए पर देने की इच्छुक समितियों, उद्यमियों और प्रगतिशील किसानों की मदद करती है। ऐप किसानों को पुरानी कृषि मशीनरी की बिक्री और खरीद के लिए एक मंच भी प्रदान करती है।

जो किसान सी एच सी से उपकरण/मशीनरी किराए पर लेते हैं, वे अपने अनुभव के बारे में प्रतिक्रिया दे सकते हैं। सी एच सी का मूल्यांकन उस

प्रतिक्रिया के आधार पर किया जाता है। इसी तरह, सी एच सी उन किसानों को भी प्रतिक्रिया दे सकता है जो इसके उपकरण किराए पर लेते हैं।

छोटे और सीमांत किसान सी एच सी से वाजिब किराए पर कृषि उपकरणों का उपयोग और इनकी समय पर उपलब्धता से लाभ ले सकते हैं। उपयोगकर्ताओं की सहायता के लिए ऐप पर उपलब्ध मशीनों और दरों का भी उल्लेख किया जाता है।

किसान अपने गांव या कस्बे से 5, 20, 50 और 200 किलोमीटर की दूरी के भीतर सी एच सी ढूंढ सकते हैं। कुछ चयनित उपकरणों जैसे कि कंबाइन हार्वेस्टर, कॉटन पिकर, क्रेन, गन्ना हार्वेस्टर और डोज़र के लिए ऐप पर अखिल भारतीय खोज है उपलब्ध है। उपयोगकर्ता सूची पर क्लिक करके संपूर्ण उपकरणों और सी एच सी का विवरण देख सकते हैं।

किसानों द्वारा बुकिंग रद्द की जा सकती है बशर्ते बुकिंग रद्द करने के समय और जब यंत्र किराए पर लिया जाना प्रस्तावित है के बीच तीन घंटे से अधिक का अंतर हो।